आज का सुविचार

सफलता के लिए आत्म-विश्वास बहुत जरूरी है।

साप्ताहिक
# युवा प्रदेश
Freedom Of Speech

RNI. NO. MPHIN/2015/76299

संपादक-नागेश नरवरिया

YP24 NEWS
जिले एवं तहसीलों में संवाददाता नियुक्त करना है.. संपर्क करे -9425156055

वर्ष 9, अंक- 86 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 26 सितम्बर 2025 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये

## Court के आदेश को मानते समय किसी अधिकारी से कोई अपराध हो जाए तब उसे सजा मिलेगी या माफी जानिए

न्यायालय से किसी व्यक्ति के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी होता है और पुलिसकर्मियों वारंट का पालन करते हुए संबंधित व्यक्ति को हिरासत में लेता है, तो यह कर्म, अपहरण का अपराध नहीं माना जाएगा जानिए-



युवा प्रदेश समाचार पत्र
- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665

### भारतीय न्या संहिता, 2023 की धारा 16 की परिभाषा

यदि कोई व्यक्ति किसी न्यायालय के निर्णय या आदेश के अनुसरण में कोई कार्य करता है, तो वह अपराध नहीं माना जाएगा, भले ही उस न्यायालय को ऐसा निर्णय या आदेश देने की अधिकारिता न रही हो।

### इस धारा के आवश्यक तत्व

1. **न्यायालय के निर्णय या आदेश के अनुसरण में**-यदि कोई व्यक्ति न्यायालय के निर्णय या आदेश के अनुसार कोई कार्य करता है, तो वह अपराध नहीं माना जाएगा।
2. **सद्भावपूर्वक विश्वास**- यह आवश्यक है कि व्यक्ति सद्भावपूर्वक विश्वास करे कि न्यायालय को ऐसा निर्णय या आदेश देने की अधिकारिता थी।
3. **अधिकारिता की कमी**- यदि न्यायालय को वास्तव में ऐसा निर्णय या आदेश देने की अधिकारिता नहीं थी, तो भी व्यक्ति का कार्य अपराध नहीं माना जाएगा, यदि उसने सद्भावपूर्वक विश्वास किया था कि न्यायालय को अधिकारिता थी।

### मामला - रामजी बनाम राज्य, 1959, इलाहाबाद उच्च न्यायालय

राम जी नाम के व्यक्ति को, हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। राम जी ने माननीय उच्च न्यायालय को बताया कि उसने, पुलिस के आदेश का पालन करने के लिए उसे व्यक्ति की हत्या कर दी थी। दरअसल, पुलिस ने राम जी को आदेश दिया था कि वह उसे व्यक्ति को हिरासत में लेकर पुलिस थाने तक आए। उसे किसी भी कीमत पर ना छोड़े। रास्ते में उसे व्यक्ति ने हिरासत से भागने का प्रयास किया और उसे रोकने की प्रक्रिया में, उसे व्यक्ति की मृत्यु हो गई। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने रामजी को बरी कर दिया। न्यायालय ने यह माना कि रामजी ने पुलिस के आदेश का पालन करते हुए उस व्यक्ति की हत्या की थी। रामजी ने यह भी साबित किया था कि वह सद्भावपूर्वक विश्वास करता था कि पुलिस को उस व्यक्ति को गिरफ्तार करने की अधिकारिता थी।

**The Bharatiya Nyaya Sanhita, 2023 section 16, Punishment**

न्यायालय के आदेश या निर्णय का पालन करवाना किसी भी तरह से अपराध की श्रेणी में नहीं आता है। ऐसे व्यक्ति के प्रति कोई परिवाद दायर करता है तो न्यायालय के आदेश या निर्णय के पालन करवाने वाले व्यक्ति को ध BNS की धारा 16 के अनुसार क्षमा किया जायेगा एवं किसी भी प्रकार के अपराध का दोषी नहीं माना जाएगा।

# मुख्यमंत्री ने भरे मंच से कांग्रेस को कह दिया नालायक... लाल सलाम को कहा आखिरी सलाम



**बालाघाट।** बालाघाट के कटंगी में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का 24 सितंबर को आगमन हुआ,,, यहां मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कृषि उन्नत योजना अंतर्गत वर्ष 2024-25 की प्रदेश के किसानों को धान प्रोत्साहन राशि के वितरण के आयोजित कार्यक्रम में मंच से कहा कि मार्च 2026 लाल सलाम का आखिरी सलाम होगा... इस तरह नक्सलवाद को लेकर बड़ी बात कहीं तो वहीं कांग्रेस को भरे मंच से नालायक भी कह गए... मुख्यमंत्री डॉ यादव इतने में ही नहीं रुके उन्होंने कांग्रेस पर जुबानी हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस के उन नेताओं को शर्मा आनी चाहिए जो प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा प्रदेश की महिलाओं को लाडली बहन योजना के माध्यम से दी जा रही राशि के पैसों से महिलाओं को शराब पीने का कहते है,,, बता दे की मुख्यमंत्री कृषि उन्नति योजना अंतर्गत वर्ष 2024- 25 की धान प्रोत्साहन राशि वितरण के 24 सितम्बर को कटंगी में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए,, जहाँ मुख्यमंत्री डाक्टर मोहन यादव ने प्रदेश के 6 लाख 69 हजार 272 किसानो को 337 करो 12 लाख का बोनस किसानो को सिंगल क्लिक के माध्यम से खाते में अंतरण किए, कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डाक्टर यादव ने जिले में 244करो 52 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया।

## सेवा पखवाड़ा और स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत आयोजित की जा रही हैं विभिन्न गतिविधियां।

**हल्केवीर सूर्यवंशी संभागीय संवाददाता**

रायसेन। प्रदेश के साथ ही जिले में 17 सितम्बर शुरू हुए सेवा पखवाड़ा अभियान में सामूहिक भागीदारी से सार्वजनिक स्थलों पर साफ-सफाई का अभियान चल रहा है। इसी के साथ महिला सशक्तिकरण सहित हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर्स और स्वास्थ्य केन्द्रों पर आयोजित किए जा रहे स्वास्थ्य शिविरों में महिलाओं, किशोरियों की स्वास्थ्य जांच की जा रही है। शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाड़ी में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें हृदय रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा हृदय रोगियों की स्वास्थ्य जांच, ईसीजी एवं इको जांच की गई। शिविर में अन्य बीमारियों की भी जांच और आवश्यक उपचार किया गया। स्वास्थ्य शिविर में स्थानीय जनप्रतिनिधि, डॉक्टर्स, सीएचओ, एएनएम, आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नवरात्रि के पावन पर्व पर मां दुर्गा जी का भव्य स्वागत

**अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ अनूपपुर**



अनूपपुर/ राजनगर। श्री आदि कुमारी दुर्गा शक्तिपीठ राजनगर सीधी दफाई में नवरात्रि की इस पावन पर्व पर माता रानी के आगमन पर बहुत ही भव्य स्वागत किया जाता रहा है इस बार भी दुर्गा मंदिर को भाव रूप से सजाया गया है जिसकी अलौकिक दृश्य मन को मोह लेती है साथ में 9 दिन के लिए मनोकामना ज्योति भी जलाए जाते हैं जिसमें मंदिर के पुजारी के साथ-साथ सभी सदस्य गण ज्योति कलश को बुझाने नहीं देते हैं दिन-रात प्रज्वलित रहती है माता के मंदिर की सजावट एवं कार्यकर्ताओं के मेहनत से ऐसा लग रहा है कि साक्षात माता रानी हम सबको कृपा देने के लिए विराजमान है।

# संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना मिलने पर क्या कोई पुलिस अधिकारी सीधे कार्रवाई कर सकता है-

पुलिस अधिकारियों का अपना इंफॉर्मेशन नेटवर्क होता है और फिर आम जनता भी पुलिस को सूचनाएं देती है। कई बार किसी पुलिस अधिकारी को सूचना मिलती है कि कोई व्यक्ति या समूह की गतिविधियां संदिग्ध है और वह अपराध कर सकते हैं। ऐसी स्थिति में क्या पुलिस अधिकारी सूचना के आधार पर सीधे कार्रवाई कर सकता है। आइए जानते हैं-

**दण्ड प्रक्रिया संहिता,1973 की धारा 150 की परिभाषा-** अगर किसी पुलिस अधिकारी को किसी संज्ञेय अपराध होने की संभावना की सूचना किसी व्यक्ति या अन्य माध्यम से प्राप्त होती है तब ऐसे पुलिस अधिकारी का कर्तव्य होगा कि वह ऐसे सूचना की जानकारी तुरंत उस पुलिस अधिकारी को देगा जिसके अधीनस्थ वह कार्य करता है अर्थात किसी सब इंस्पेक्टर को कोई संज्ञेय अपराध होने की सूचना मिलती है किसी व्यक्ति द्वारा तब उसका कर्तव्य है कि वह थाना प्रभारी को पहले इसकी सूचना देगा उसके बाद शिकायत का आगे संज्ञान लेगा।

**नोट**- अगर कोई पुलिस अधिकारी अपनी अधिकारिता क्षेत्र से बाहर है या वह अवकाश पर है तब उसे कोई संज्ञेय अपराध होंने की सूचना मिलती है तो वह उस अधिकारिता क्षेत्र के पुलिस अधिकारी को सम्भावित संज्ञेय अपराध की जानकारी देगा न कि स्वंय उसको संज्ञान लेगा।

**- लेखक बी. आर. अहिरवार**

# वनों में स्थित आस्था स्थलों को किया जाए विकसित
# मुख्यमंत्री ने वन विभाग की गतिविधियों की समीक्षा की

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्य प्रदेश**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के वनांचल में ऐसे बहुत से क्षेत्र हैं जिन्हें स्थानीय समुदायों द्वारा सांस्कृतिक या धार्मिक मान्यताओं के आधार पर पारंपरिक रूप से संरक्षित किया जाता है। आस्था के ये क्षेत्र न केवल आध्यात्मिक महत्व रखते हैं, बल्कि जैवविविधता संरक्षण, पारिस्थितिकी संतुलन, सामुदायिक एकता और सांस्कृतिक विरासत को बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने ऐसे स्थलों को देवलोक वनों के रूप में विकसित करने की जरूरत बताई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वन क्षेत्र में प्रदेश की प्रमुख नदियों के दोनों ओर 5 किलोमीटर क्षेत्र में पौधारोपण गतिविधियों को बढ़ाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरूवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में वन विभाग की गतिविधियों की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नदियों के किनारों के अतिक्रमण हटाने में स्थानीय समुदाय का सहयोग लिया जाए। साथ ही स्थानीय समुदाय के आय संवर्धन के लिए पौधारोपण में औषधीय पौधों सहित उपयोगी पौधों के रोपण को प्राथमिकता दी जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इंदौर उज्जैन देवास क्षेत्र को मेट्रोपोलिटन एरिया के रूप में विकसित किया जा रहा है, क्षिप्रा नदी के संरक्षण की योजना तदनुसार बनाई जाए। मुख्यमंत्री ने नगर वनों के उचित विकास और रखरखाव के संबंध में भी अधिकारियों को निर्देशित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि नदियों और जल संरचनाओं के स्वस्थ ईकोसिस्टम को बनाए रखने में मगरमच्छ, घड़ियाल और कछुओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन नदियों और जल संरचना में यह जीव अधिक संख्या में हैं, वहां से उन्हें शिफ्ट कर अन्य नदियों और जल संरचना में छोड़ा जाए। इसकी शुरुआत नर्मदा और तवा नदी से की जाए। बैठक में वन ग्रामों को राजस्व ग्राम में परिवर्तित करने, लघु वन उपज के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि, तेंदूपत्ता बोनस वितरण आदि विषयों पर भी विचार-विमर्श हुआ।

# बीस गरीब बच्चियों ने ITI में लिया एडमिशन सिलाई और फैशन डिज़ाइनिंग में बनाएंगी भविष्य



**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्य प्रदेश**

मध्यप्रदेश शासन का तकनीकी शिक्षा विभाग, बालिकाओं तथा समाज के मुश्किल परिस्थिति में रहने वाले एवं हाशिए पर खड़े समुदायों को तकनीकी शिक्षा (आईटीआई) से जोड़ने के लिए एक व्यापक अभियान चला रहा है। किशोर सशक्तिकरण कार्यक्रम के अंतर्गत झाबुआ जिले के दौरे पर गई यूनिसेफ टीम ने यह देखकर संतोष व्यक्त किया कि 20 किशोरी बालिकाएँ, जो अब तक विद्यालय से बाहर थीं, अब झाबुआ आईटीआई (तकनीकी शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित) में नामांकित हो चुकी हैं। ये बालिकाएँ सिलाई और फैशन डिज़ाइन का एक वर्षीय व्यावसायिक पाठ्यक्रम कर रही हैं।

आईटीआई में एडमिशन लेने वाली अधिकांश बच्चियां मजदूर और खेतिहर मजदूरों के घरों से हैं। जिला प्रशासन झाबुआ और यूनिसेफ की साझेदारी के तहत आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए सर्वेक्षण में लगभग 75 आउट-ऑफ़-स्कूल बालिकाओं की पहचान की गई। इस सर्वे का उद्देश्य उन्हें मौजूदा सरकारी योजनाओं और सेवाओं से जोड़ना, उन्हें सशक्त बनाना तथा बाल विवाह को रोकना था।बालिकाओं और उनके अभिभावकों को विभिन्न विकल्प सुझाए गए—विद्यालय में पुनः नामांकन, ओपन स्कूलिंग, आईटीआई के स्किलिंग प्रोग्राम में दाखिला, साथ ही प्रोत्साहन हेतु आईटीआई, पुलिस थाना, वन-स्टॉप सेंटर आदि का भ्रमण भी महिला एवं बाल विकास और शिक्षा विभाग द्वारा कराया गया। इन प्रयासों के फलस्वरूप 20 बालिकाओं ने झाबुआ आईटीआई में सिलाई एवं फैशन डिज़ाइन कोर्स में नामांकन लिया। इस पहल में झाबुआ के जिला कलेक्टर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने आईटीआई प्रशासन से समन्वय स्थापित कर इन बालिकाओं के लिए विशेष बैच स्वीकृत करवाया और तकनीकी शिक्षा विभाग से उनकी फीस भी माफ करवाई। पिछले दो महीनों से ये किशोर बालिकाएँ नियमित रूप से अपनी पढ़ाई कर रही हैं और अपने समुदाय की अन्य लड़कियों के लिए प्रेरणा स्रोत बन गई हैं। बातचीत के दौरान उन्होंने अपने उत्साह, आत्मविश्वास और आकांक्षाएँ साझा कीं—वे फैशन डिज़ाइनर बनना चाहती हैं, नौकरियाँ करना चाहती हैं और अपना स्वयं का व्यवसाय खड़ा करना चाहती हैं। उनके माता-पिता भी उनकी इस पहल पर गर्व महसूस कर रहे हैं।

चुनौतियों के बावजूद, ये बालिकाएँ सामाजिक और लैंगिक मानदंडों को चुनौती देकर अपने सपनों की ओर बढ़ रही हैं।यह बहुविभागीय समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण है, साथ ही तकनीकी शिक्षा विभाग की उस प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है, जिसके तहत वह राज्य के हाशिए पर खड़े समुदायों, विशेषकर विद्यालय से बाहर की बालिकाओं और बच्चों को सशक्त बनाने के लिए प्रयासरत है।यूनिसेफ टीम ने जिला प्रशासन झाबुआ, तकनीकी शिक्षा विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रयासों की सराहना की और इसे केवल झाबुआ ही नहीं, बल्कि अन्य जिलों के लिए भी अनुकरणीय मॉडल माना।

# कलेक्टर ने किसान संघ के साथ बैठक कर किसानों से नरवाई न जलाने की अपील की

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्य प्रदेश**



कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने बुधवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में किसान संघ की बैठक में राजस्व प्रकरणों के समाधान करने के लिए प्रति मंगलवार जन सुनवाई में समस्त पटवारियों को उपस्थित रहने के लिए निर्देशित किया गया है। इसके साथ ही नजीराबाद क्षेत्र को तहसील का पूर्ण दर्जा दिलाने के शासन को प्रस्ताव भेजा जाएगा। नजीराबाद में स्थित टप्पा कार्यालय कोर्ट को संचालित करने के लिए संबंधित एसडीएम को निर्देशित किया। इसके साथ ही नजीराबाद क्षेत्र में अस्थायी खाद्य वितरण केन्द्र बनाए जाने के लिए भी निर्देशित किया गया। कलेक्टर ने कृषि अधिकारियों को निर्देश दिए कि खाद्य वितरण की तहसीलदार एवं कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, मार्कफेड के संयुक्त दलों के निगरानी में टोकन प्रक्रिया के माध्यम से वितरित किया जाए। इसके साथ ही आगामी रबी की फसल की लिए भी खाद्य वितरण प्रारंभ किया जाए। इसके लिए जिले की सभी सोसाटियों में अगले 2 से 3 दिन में व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। खाद्य वितरण की कलेक्टर स्वयं निगरानी करेंगे इसके लिए संबंधित विभाग को साप्ताहिक रिपोर्ट सौंपने के लिए निर्देशित किया गया। इसके साथ ही अनुविभागीय स्तर पर एसडीएम खाद्य वितरण की मॉनीटरिंग करेंगे और खाद्य एवं कृषि उत्पादों की कालाबाजारी एवं तय दर से अधिक विक्रय करने पर सख्त से सख्त कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया। इसके साथ ही जिले में बलराम तालाब की मांग को बढ़ाने एवं नए तालाब बनाए जाने के प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा। एमपीईबी के अधिकारियों को सिंचाई के लिए निर्बाध बिजली उपलब्ध कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके साथ ही सभी विद्युत उपकेन्द्रों पर अतिरिक्त ट्रांसफार्मर की व्यवस्था करने के लिए निर्देशित किया ताकि किसान भाईयों को कृषि के लिए निर्बाध बिजली उपलब्ध कराई जा सके। इसके साथ ही उद्यानिकी विकासखंड कार्यालय करोंदिया को बैरसिया में शिफ्ट करने का भी आदेश दिया। कलेक्टर ने सभी किसान भाईयों से नरवाई न जलाने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि भोपाल जिले में विगत वर्षों में नरवाई जलाने के कारण जिले में प्रदूषण बढ़ा है जिसका नुकसान किसान भाईयों को मिट्टी उर्वरका क्षमता एवं सभी शहरवासियों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने सभी किसान भाईयों से अपील की है कि किसान भाई नरवाई के अन्य विकल्प हैप्पी सीडर का उपयोग करें और नरवाई जलाने से बचे।

# विद्युत विभाग किसानों के बिल जमा होने के बाद भी बिजली कनेक्शन काटना बड़ी लापरवाही

**अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ**

अनूपपुर। अनूपपुर विद्युत विभाग की मनमानी के खिलाफ आज किसानों ने कांग्रेसजनों के साथ मिलकर विरोध जताया। जानकारी अनुसार ग्राम बेला क्षेत्र के कई किसानों के सिंचाई पंपों के बिल जमा होने के बावजूद विद्युत कनेक्शन विच्छेद कर दिए गए, जिससे धान फसल की सिंचाई पर संकट खड़ा हो गया है। पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष रमेश सिंह के मार्गदर्शन में तथा पिछड़ा वर्ग कांग्रेस जिला अध्यक्ष रजन कुमार राठौर के नेतृत्व में प्रभावित किसान आज कनिष्ठ यंत्री कार्यालय अनूपपुर पहुंचे और विद्युत विभाग के खिलाफ ज्ञापन सौंपा। किसानों ने बताया कि कनेक्शन काटे जाने से फसल सूखने की कगार पर है और उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। कनिष्ठ




यंत्री द्वारा अविलंब कनेक्शन जोड़ने का आश्वासन दिया गया। इस मौके पर उपस्थित कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि विभाग शीघ्र कार्रवाई नहीं करता है तो उग्र विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ने कहा की यह किसानों के साथ सीधा अन्याय है। प्रदेश सरकार की दोहरी नीतियों के चलते किसान संकट में हैं। एक ओर किसान समय पर बिल जमा करते हैं, दूसरी ओर विभाग जानबूझकर कनेक्शन काटकर फसलों को नुकसान पहुँचा रहा है। कांग्रेस किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है और यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो सड़क पर उतरकर आंदोलन किया जाएगा। कार्यक्रम में कांग्रेसजनों के साथ बड़ी संख्या में प्रभावित किसान उपस्थित रहे। किसानों ने विद्युत विभाग की इस कार्यवाही को अलोकतांत्रिक व अन्यायपूर्ण बताया और प्रशासन से शीघ्र न्याय की के लिए निवेदन किया।

# भूमि प्रभावित परिवारों को नियुक्ति पत्र वितरण रोजगार की उम्मीद जागी चेहरे खिले



**अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ अनूपपुर**

कोतमा। कोतमा के उरतान कोल माइंस ग्राम ठोड़हा में JMS द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे प्रमुख तौर पर सहभागिता कर भूमि प्रभावित परिवारों को नियुक्ति पत्र वितरित कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री श्री दिलीप जायसवाल जी द्वारा किया गया माननीय मंत्री दिलीप जायसवाल जी ने कहा 16 परिवारों को रोजगार का अवसर देकर उनके जीवन में नई उम्मीद जगाने का अवसर मिला। उनके चेहरे पर प्रसन्नता और विश्वास की झलक ने इस क्षण को और भी यादगार बना दिया। इस अवसर




पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत कटहल का पौधा रोपित कर माँ की स्मृति और प्रकृति संरक्षण का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम में संदीप कुमार (वाइस प्रेसिडेंट), अमित कुमार (इंजीनियरिंग हेड), संजय कहर सवेरिया (मैनेजर), वरिष्ठ भाजपा नेता प्रेमचंद यादव जी, अजय सराफ जी (अध्यक्ष नगर पालिका कोतमा), राजेश वर्मा (मंडल अध्यक्ष कोतमा ग्रामीण), सुनील उपाध्याय (पूर्व मंडल अध्यक्ष कोतमा ग्रामीण), सरपंच, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया।

# राष्ट्रीय सेवा योजना का 56वाँ स्थापना दिवस बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया

**पत्रकार बीआर अहिरवार नर्मदापुरम।** शासकीय विधि महाविद्यालय, नर्मदापुरम में राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) का 56वाँ स्थापना दिवस बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में विविध कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. कल्पना भारद्वाज ने की। विशेष अतिथि के रूप में पूर्व कार्यक्रम अधिकारी एवं विभागाध्यक्ष डॉ. शिवकांत मौर्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जुगल किशोर भारतीय ने किया। अपने उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. भारद्वाज ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना केवल एक योजना नहीं, बल्कि युवाओं के लिए जीवन दर्शन है, जो उन्हें Not Me But You अर्थात् मैं नहीं, आप की








भावना अपनाने की प्रेरणा देती है। राजदीप भदोरिया स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के संयोजक ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि हस्स विद्यार्थियों को समाज सेवा का सशक्त मंच प्रदान करती है। स्वच्छता, वृक्षारोपण, रक्तदान, नशा मुक्ति और पर्यावरण संरक्षण जैसे कार्यों में छात्रों की सक्रिय भागीदारी समाज में सकारात्मक बदलाव लाती है। जैविक खेती, रक्तदान, सामाजिक कुरीतियों को दूर करने हेतु श्रमदान का महत्व, ऊर्जा संरक्षण पर जागरूकता, लघु एवं कुटीर उद्योग को बढ़ावा देने तथा स्वदेशी अपनाने जैसे विषयों पर स्वयंसेवकों का अभिमुखीकरण किया गया। पूर्व कार्यक्रम अधिकारी शिवाकांत मौर्य ने कहा कि हस्स युवाओं को सामाजिक सरोकारों से जोड़ते हुए उनमें नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और सहयोग की भावना का विकास करती है। इस अवसर पर रेणुका नेहा चेतन मालवीय सहित अन्य स्वयंसेवकों ने भी अपने विचार व्यक्त किए और हस्स के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## रोचक संवाद में बदला लोकार्पण

# बाबा साहब के अनन्य सहयोगी आर बी मोरे की आत्मकथा का गरिमामय लोकार्पण

■ सच्चे नायकों को याद नहीं करेंगे तो प्रतिनायक और खलनायक ही उभर कर आयेंगे







कल भोपाल के राज्य संग्रहालय के सभागार में हुए एक गरिमामय आयोजन में डॉ बी आर अम्बेडकर के अनन्य सहयोगी, उनके हर संघर्ष में साथ रहे आर बी मोरे की जीवन गाथा दलित मुक्ति से वर्ग संघर्ष तक का लोकार्पण समारोह उस किताब पर चर्चा के बहाने मौजूदा हालात और %संविधान एवं नागरिकता दांव% पर विमर्श और रोचक संवाद में बदल गया और जितनी देर चलना था उससे भी काफी देर तक चलता रहा ।

इस अवसर पर आरबी मोरे के पौत्र, मराठी भाषा के प्रमुख लेखक, विचारक, एक्टिविस्ट सुबोध मोरे की उपस्थिति महत्वपूर्ण रही । लोकजतन तथा बहुजन इन्टेलैक्ट ने मिलकर यह आयोजन किया था ।

यह किताब आर बी मोरे द्वारा शुरू की गयी आत्मकथा थी जिसे उनके पुत्र सत्येन्द्र मोरे ने पूरा किया था । इसका हिंदी में अनुवाद लोकजतन की सम्पादक मंडल की सदस्य, जनवादी महिला समिति की एक्टिविस्ट संध्या शैली ने किया है।

आर बी मोरे डॉ आंबेडकर के मिशन के प्रमुख सदस्यों में से एक थे । बाबा साहब को महाड ले जाने वाले मोरे साहब ही थे जिसके एतिहासिक सत्याग्रह के बाद डॉ आंबेडकर देश और दुनिया की बड़ी हस्ती बन गए । महाड के चावदार तालाब से लेकर उनकी हर बड़ी कार्यवाही में उनके साथ रहे ; यह आर बी मोरे ही थे जिन्होंने डॉ अम्बेडकर को बाबा साहब का संबोधन दिया था जो बाद में पूरी दुनिया में उनकी पहचान बन गया ।

लोकार्पण समारोह में मराठी में लिखी पुस्तक का हिंदी में अनुवाद करने वाली सामाजिक कार्यकर्ता संध्या शैली ने किताब के दो अंशों का पाठ किया ।

लोकार्पण के बाद वरिष्ठ लेखक, साहित्यकार विजय बहादुर सिंह की अध्यक्षता में हुए संवाद में बोलते हुए वक्ताओं ने इस तरह के व्यक्तित्वों द्वारा समाज को आगे बढाने और उसकी बेड़ियों को तोड़ने में दिए योगदानों को जनता के बीच ले जाने की जरूरत पर जोर दिया ।

उन्होंने कहा कि जो समाज के अँधेरे को दूर करने और हरेक के हिस्से में पूरा उजाला लाने के सच्चे नायक हैं उन्हें यदि सही तरीके से याद नहीं किया गया तो प्रतिनायकों और खलनायकों के उभरकर आने के खतरे सामने आयेंगे ।

डॉ अम्बेडकर और उनके सभी सहयोगी, आर बी मोरे जैसे आगे बढे हुए नायक आने वाले दिनों के लिए सही मार्गदर्शक हैं ।

संविधान के विकसित होने और साजिक जड़ता को तोड़ने में उसके युगांतरकारी योगदान पर भी कई आयामों से चर्चा हुई ।

वक्ताओं ने कहा कि मौजूदा दौर में संविधान को बदले बिना ही उसे अप्रासंगिक बना देने वाली साजिशों को रोकने के लिए बाबा साहब और उनके संघर्षों से सबक लेना जरूरी है । यह बात लोकतंत्र और समता, समानता, धर्मनिरपेक्षता के शत्रु भी अच्छी तरह जानते हैं इसलिए वे डॉ आंबेडकर और सामाजिक बदलाव की शक्तियों से डरते हैं ।

वक्ताओं ने कहा कि संविधान हमारी आजादी की लड़ाई भट्टी में तपकर निकला है – जो उस लड़ाई में शामिल नहीं थे, जो संविधान की जगह कुख्यात मनुस्मृति को स्थापित करना चाहते थे, वे आज अपनी हैसियत का दुरुपयोग कर उस नापाक मंसूबे को हासिल करना चाहते हैं । जाग्रत समाज का कर्तव्य है कि वह उन्हें ऐसा करने से रोके और इसके लिए जन को एकजुट करे ।

कामरेड आर बी मोरे बाद में – 1930 में – कम्युनिस्ट पार्टी में शामिल हो गए थे और मजदूर आन्दोलन के बड़े नेता और अखिल भारतीय किसान सभा के संस्थापक भी बने । उनके बेटे और किताब पूरी करने वाले सत्येंद्र मोरे सीपीएम के विधायक भी रहे । कम्युनिस्ट पार्टी में शामिल होने के समय उनकी बाबा साहब से हुई चर्चा का भी हवाला दिया गया ।

नागरिकता के अधिकार से लेकर मताधिकार तक पर किये जा रहे हमलों के बारे में भी वक्ता बोले ।

विजय बहादुर सिंह के अध्यक्षीय उदबोधन में किताब तथा उस कालखंड की सामाजिक दशा आदि पर विस्तार से बात कही गयी । सामाजिक बदलाव की इन दोनों धाराओं – जाति शोषण तथा आर्थिक शोषण – के बीच अंतर्संबंध और उनकी पारस्परिकता के अभाव और बाद में हुए बदलाव पर भी रोचक बहस हुई ।

लोकार्पण समारोह में बोलने वाले अन्य वक्ताओं में लोकजतन के सम्पादक और एक्टिविस्ट बादल सरोज, सामाजिक राजनीतिक कार्यकर्ता संजय कामले, डोमा परिसंघ के प्रदेशाध्यक्ष इंजी. ए आर सिंह, सामाजिक राजनीतिक कार्यकर्ता हुमैद शकील, सामाजिक कार्यकर्ता और बहुजन इन्लेक्टेक्ट के संस्थापक डॉ (मेजर) मनोज राजे प्रमुख थे ।

संचालन सामाजिक कार्यकर्ता तथा बहुजन इन्लेटेक्ट के समन्वयक सुनील बोरसे ने किया और बाबा साहब के राजनीतिक जीवन को लेकर व्याप्त अनेक भ्रांतियों का निवारण भी किया ।

सामाजिक जाग्रति के काम में जुटी महिलाओं को भी सम्मानित किया गया । अनेक श्रोताओ ने अपनी जिज्ञासाएं भी रखी ; लोकार्पित किताबें भी काफी संख्या में बिकी ; अनेक को तो मिल भी नहीं पाई

इसके बाद वह अंबेडकर छात्रावास परिसर भी पहुंचे जहां छात्रों ने गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया और सुबोध मौर्य जी ने छात्रों के कई सारे रोचक प्रश्नों जवाब दिया एवं ऐतिहासिक तथ्यों को भी छात्रों के सॉन्ग साझा किया।

**लेखक**
**बादल सरोज**

# कलेक्टर ने किसान संघ के साथ बैठक कर किसानों से नरवाई न जलाने की अपील की

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्य प्रदेश**

कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने बुधवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में किसान संघ की बैठक में राजस्व प्रकरणों के समाधान करने के लिए प्रति मंगलवार जन सुनवाई में समस्त पटवारियों को उपस्थित रहने के लिए निर्देशित किया गया है। इसके साथ ही नजीराबाद क्षेत्र को तहसील का पूर्ण दर्जा दिलाने के शासन को प्रस्ताव भेजा जाएगा। नजीराबाद में स्थित टप्पा कार्यालय कोर्ट को संचालित करने के लिए संबंधित एसडीएम को निर्देशित किया। इसके साथ ही नजीराबाद क्षेत्र में अस्थायी खाद्य वितरण केन्द्र बनाए जाने के लिए भी निर्देशित किया गया। कलेक्टर ने कृषि अधिकारियों को निर्देश दिए कि खाद्य वितरण की तहसीलदार एवं कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, मार्कफेड के संयुक्त दलों के निगरानी में टोकन प्रक्रिया के माध्यम से वितरित किया जाए। इसके साथ ही आगामी रबी की फसल की लिए भी खाद्य वितरण प्रारंभ किया जाए। इसके लिए जिले की सभी सोसाटियों में अगले



2 से 3 दिन में व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। खाद्य वितरण की कलेक्टर स्वयं निगरानी करेंगे इसके लिए संबंधित विभाग को साप्ताहिक रिपोर्ट सौंपने के लिए निर्देशित किया गया। इसके साथ ही अनुविभागीय स्तर पर एसडीएम खाद्य वितरण की मॉनीटरिंग करेंगे और खाद्य एवं कृषि उत्पादों की कालाबाजारी एवं तय दर से अधिक विक्रय करने पर सख्त से सख्त कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया। इसके साथ ही जिले में बलराम तालाब की मांग को बढ़ाने एवं नए तालाब बनाए जाने के प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा। एमपीईबी के अधिकारियों को सिंचाई के लिए निर्बाध बिजली उपलब्ध कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके साथ ही सभी विद्युत उपकेन्द्रों पर अतिरिक्त ट्रांसफार्मर की व्यवस्था करने के लिए निर्देशित किया ताकि किसान भाईयों को कृषि के लिए निर्बाध बिजली उपलब्ध कराई जा सके। इसके साथ ही उद्यानिकी विकासखंड कार्यालय करोंदिया को बैरसिया में शिफ्ट करने का भी आदेश दिया। कलेक्टर ने सभी किसान भाईयों से नरवाई न जलाने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि भोपाल जिले में विगत वर्षों में नरवाई जलाने के कारण जिले में प्रदूषण बढ़ा है जिसका नुकसान किसान भाईयों को मिट्टी उर्वरका क्षमता एवं सभी शहरवासियों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने सभी किसान भाईयों से अपील की है कि किसान भाई नरवाई के अन्य विकल्प हैप्पी सीडर का उपयोग करें और नरवाई जलाने से बचे।

# आदिम जाति कल्याण विभाग के प्रभारी सहायक आयुक्त फर्जी प्राचार्य के निलंबन को लेकर जनसुनवाई में कलेक्टर से मिले

आदमी जाति कल्याण विभाग ग्वालियर के प्रभारी सहायक आयुक्त फर्जी प्राचार्य मूल पद सहायक प्राध्यापक राजेंद्र कुमार शर्मा के निलंबन की मांग को लेकर दलित आदिवासी महापंचायत के प्रांतीय अध्यक्ष महेश मदुरिया तथा प्रांतीय कार्यवाहक अध्यक्ष महाराज सिंह राजोरिया ने आज कलेक्टर महोदय से जनसुनवाई में विभाग की समस्यों को लेकर मुलाकात कर पत्र के माध्यम से छात्रावास आश्रमों की जमीनों पर कब्जा हटाने गुड़ा गुड़ी का नाका लश्कर छात्रावास केंपस गोल पहाड़िया छात्रावास केंपस हुरावली मुरार छात्रावास की जमीनों पर कब्जा है कब्जा हटाकर अभी तक कब्जा हटाने के लिए कोई कार्रवाई नहीं करने के आरोप में प्रभारी सहायक आयुक्त राजेंद्र कुमार शर्मा को निलंबित करने , आरोन हरसी घाटीगांव मोहना के बालक कन्या आश्रमों में शिक्षक पदस्थ नहीं है अध्यापन कार्य नहीं हो रहा है इसलिए शिक्षकों को पदस्थ किया जाए तथा जिला कार्यालय में अटैच शिक्षकों को आश्रमों में रिक्त पदों पर पदस्थ करने अभी तक पदस्थ न करने के आरोप में राजेंद्र कुमार शर्मा को निलंबित करने , अंग्रेजी माध्यम गुड़ा गुड़ी का नाका लश्कर 50 सीटर है जिसमें 40 45 छात्रों के प्रवेश है और आठ शिक्षक पदस्थ है।

अंग्रेजी माध्यम स्कूल में जो शिक्षक अध्यापन का हेतु प्रदेश है वह एक भी अंग्रेजी माध्यम का नहीं है यदि विभाग में अंग्रेजी माध्यम के शिक्षक नहीं है तो अंग्रेजी माध्यम के अतिथि शिक्षकों को बुलाकर अध्यापन कार्य कराया जाए आदिवासी बच्चों का भविष्य अंधकार मैं नहीं किया जाए 40 - 50 छात्रों विरोध है राजेंद्र शर्मा को निलंबित किया जाए व्यवस्था नहीं सुधारने के आरोप में, सहायक आयुक्त कार्यालय संभागीय उपायुक्त कार्यालय शारदा विहार सिटीसेंटर में विभाग की जमीन पर अतिक्रमण हटाने को अभी तक न हटाने के आरोप में राजेंद्र कुमार शर्मा को निलंबित करने , विभाग में लंबित शिकायतों को निराकरण नहीं करने वरिष्ठ कार्यालय के आदेशों का पालन नहीं करने के आरोप में निलंबित करने तथा सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों को फोर्सली बंद करने शिकायतकर्ताओं से संपर्क नहीं करने के आरोप में निलंबित करने बगैर सहमति के शिकायतों को बंद करने कि आप में निलंबित करने शासन से अटैचमेंट पर प्रतिबंध होने के बाद भी कार्यालय मैं अटैच रखने के आरोप में सट्टा एक कर्मचारी को दूसरे कार्यालय में पदस्थ करने और वेतन अपने कार्यालय से आहरण करने के आरोप में निलंबित करने की मांग की गई है जिस पर कलेक्टर महोदय श्रीमती रुचिका चौहान ने जनसुनवाई में उपस्थित प्रभारी सहायक आयुक्त राजेंद्र शर्मा को डाट लगाई और संयुक्त कलेक्टर को जांच करने के निर्देश दिए यदि राजेंद्र शर्मा को शीघ्र ही निलंबित नहीं किया गया तो अगली जनसुनवाई में उक्त नेता फिर श्रीमान कलेक्टर महोदय से मिलकर पुणे समस्याओं के बारे में अवगत कराएंगे और राजेंद्र शर्मा को ललित करने की मांग करेंगे याद रहेगी राजेंद्र शर्मा बहुत भ्रष्ट व्यक्ति है इसको किसी स्कूल में पदस्थ कराएंगे फिर भी कोई कार्रवाई नहीं होगी तो विभाग के प्रमुख सचिव और आयुक्त जनजाति कार्य विभाग मध्य प्रदेश को लिखेंगे तथा मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव को भी लिखेंगे फिर भी राजेंद्र शर्मा को निलंबित नहीं किया जाएगा तो आंदोलन भी कर किया जाएगा।

**महेश मधुरिया**
**प्रांतीय अध्यक्ष**
**दलित आदिवासी महापंचायत**
**महाराज सिंह राजोरिया**
**प्रांतीय कार्यवाहक अध्यक्ष**
**दलित आदिवासी महापंचायत**

# लोक स्वास्थ्य मंत्री ने मारा छुआछूत के खिलाफ जोर दार तमाचा: अतर सिंह भारतीय



**सामाजिक कार्यकर्ता**
**अतर सिंह भारतीय, मप्र**

**उदयपुरा।** विधानसभा क्षेत्र के विधायक और प्रदेश सरकार में लोक स्वास्थ्य मंत्री माननीय श्री नरेंद्र शिवाजी पटेल (ओबीसी) ने वाल्मीकि (एस सी) समाज के साथ ग्राम पिपरिया पुआरिया (छातेर) में श्री संतोष पारोचे जी के निज निवास पर साथ बैठ कर भोजन किया। हालांकि यह सब वोट की राजनीति है फिर भी अच्छी बात है। चूंकि यह व्यवहारिक सच्चाई है कि सदियों से अभी तक सामान्य वर्ग, पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति को हिंदू कहे जाने वाले लोगों में आज भी जाति के आधार पर छुआछूत व्याप्त है। अनुसूचित जाति वर्ग का तो सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक न सिर्फ बहिष्कार किया जा रहा है बल्कि कि सार्वजनिक धार्मिक स्थानों पर भी छुआछूत के कारण पूजापाठ में सम्मिलित होने पर भी प्रतिबंध लगा हुआ है। इतना ही नहीं बल्कि गांवों में तो मरघटों पर भी छूआछूत की जा रही है। कस्बों और शहरों में भी प्राइवेट कॉलोनाइजर्स इसी छुआछूत के कारण आवासीय प्लॉट में में भेदभाव करते हैं, उदाहरण के रूप में कस्बा उदयपुरा या बरेली तथा इसके आसपास के गांवों का ही निरीक्षण किया जा सकता है। इसी छुआछूत और भेदभाव के बदले में सरकार द्वारा दिए जाने वाले आरक्षण का विरोध भी सवर्ण हिन्दू ही कर रहा है। अत: इसीलिए हर साल अनुसूचित जाति के लाखों लोग हिन्दू धर्म को विवश होकर त्याग ने के लिए मजबूर हो जाते हैं और ईसाई, बौद्ध या अन्य धर्म को अंगीकार कर लेते हैं। इसका मतलब हुआ कि लोग धार्मिक तो रहना चाहते हैं लेकिन समानता और सम्मान भी चाहते हैं। अनुसूचित जाति के लोग हिन्दू धर्म को सिर्फ इसलिए ही त्यागते हैं क्योंकि उनको इस धर्म में सिर्फ़ और सिर्फ़ बहिष्कार और अपमान की जिंदगी मिलती है जोकि मानवीय तौर पर गलत है। इन हालातों को हिंदू धर्म के ठेकेदारों ने नहीं सुधारे तो कुछ ही दशकों में हिंदू धर्म के लोगों की आबादी देश में आधा प्रतिशत भी नहीं बच पाएगी। सच्चाई यह है कि आरक्षण का समर्थन करने वाले लोग संपूर्ण भारत का चहुमुखी विकास चाहते हैं जबकि सवर्ण हिन्दू सिर्फ़ उनकी जातियों का विकास और सत्ता पर स्थायित्व चाहते हैं जोकि लोकतांत्रिक देश में संभव नहीं है। खैर माननीय मंत्री महोदय द्वारा छुआछूत के खिलाफ प्रशंसनीय प्रयास को राष्ट्र हित में आजीवन निरन्तर रखने की विनम्र अपील करते हुए सामाजिक समरसता के शानदार प्रयास के लिए हृदय की अनंत गहराईयों से पुन: बहुत बहुत धन्यवाद। एक बनो, नेक बनो।

# शासन ने दिए निर्देश,श्रमिक कल्याण योजनाओं में फर्जीवाड़ा बर्दाश्त नहीं, होगी कड़ी कानूनी कार्रवाई

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्यप्रदेश**

मध्य प्रदेश श्रम कल्याण पोर्टल
म.प्र श्रम कल्याण मण्डल

नागरिकों के हितों की रक्षा एवं श्रमिक कल्याणकारी योजनाओं के सुचारु संचालन को सुनिश्चित करने के लिए शासन द्वारा जिलाधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं कि संबल योजना अथवा निर्माण श्रमिक कल्याण मंडल (BOCW) योजना में पंजीयन अथवा लाभ प्राप्त करने हेतु कोई भी व्यक्ति यदि गलत तथ्य या भ्रामक सूचना देकर धोखाधड़ी करता पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (ब्हृस्) के अंतर्गत उचित कानूनी कार्यवाही की जाए। शासन का स्पष्ट अभिप्राय है कि वास्तव में पात्र एवं जरूरतमंद हितग्राही ही योजनाओं का लाभ प्राप्त करें। पात्रता के विपरीत पंजीयन करवाने अथवा लाभ लेने का प्रयास न केवल योजनाओं को कमजोर करता है, अपितु अन्य वास्तविक श्रमिकों के अधिकारों का हनन भी करता है। अत: आम नागरिकों से अपील है कि वे योजनाओं में पंजीयन अथवा लाभ लेने हेतु केवल सही एवं सत्य जानकारी ही प्रदान करें। किसी प्रकार की धोखाधड़ी अथवा मिथ्या विवरण प्रस्तुत करने पर कड़ी दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## भोपाल में गरबा फ्यूज़न का धमाल

# 28-30 सितंबर को फुलवारी 10 नंबर पर रुद्रमुखी की भव्य झांकी गरबा फ्यूज़न।

**गीतेश सिंह नरवरिया**



भोपाल। Euphoria Event के साथ मिलकर आयोजित शानदार गरबा शूट की झलक के बाद, अब समय है गरबा फ्यूज़न भोपाल के धमाकेदार उत्सव का! 28, 29, 30 सितंबर को फुलवारी 10 नंबर पर रुद्रमुखी की भव्य झांकी में शामिल होने का सुनहरा अवसर क्रिएटिव रील्स बनाएं और जीतें शानदार इनाम खूबसूरत मेकओवर और ड्रेस- Naina Parlor (Manisha Sharma , Peoples Hospital)

**फ़ोटोग्राफ़ी-** achalchitr Lucifierstudio

**मैनेजमेंट-** STORIA TEAM (Owner Sam Nigam & Co-owner Anamika Ahirwar)

**मॉडल्स की शान-** Srishti, Gauri, Peehu, Archna, Priyanshi, Anamika

**कोरियोग्राफी-** King Dance Company (Ravi Rana Sir)

**विशेष आभार-** Naina Sharma ji

**मीडिया पार्टनर-** Yuva Pradesh News Network, इस नवरात्रि, गरबा फ्यूज़न भोपाल के साथ थिरकने और उत्सव में रंग जमाने के लिए तैयार हो जाइए।


# बालिका इकाई द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस मनाया गया



**पत्रकार बीआर अहिरवार नर्मदापुरम।** 24 सितंबर 20 25 पीएमसी कॉलेज शासकीय नर्मदा महाविद्यालय नर्मदा पुरम राष्ट्रीय सेवा योजना बालिका इकाई द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस मनाया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नर्मदा पुरम के जिला संगठन डस खत्री जी थे जिन्होंने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व एवं वर्तमान में उपयोगिता से अवगत कराया प्राचार्य डॉक्टर आर के चौक से ने कहा की राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़कर युवा विद्यार्थी समाज के प्रति अपने दायित्व ऑन का निर्वाह करते हैं कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर हीरा वर्मा के नेतृत्व में छात्राओं ने राष्ट्रीय सेवा योजना के गीतों एकल नृत्य समूह नृत्य नुक्कड़ नाटक की सुमधुर रंगारंग प्रस्तुति देकर राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस मनाया कार्यक्रम में



डॉक्टर रवि उपाध्याय डॉक्टर राजेश दीवान डॉक्टर डॉ सलिल उदयपुर डॉ आलोक मित्र डॉक्टर राजीव शर्मा डॉ सविता गुप्ता डॉ नीलू दुबे डॉ धर्मेंद्र डॉ अंजना यादव डॉ मीनाक्षी ठाकुर डॉ अर्चना पटेल डॉक्टर डॉक्टर कुमुदिनी गर्ग तथा छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।



## संत कासीदास जी महाराज की पुण्य तिथि कर्रापुर धाम में धूमधाम से मनाई गई

अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन के तत्वाधान में ब्रह्मलीन संत श्री 108 स्वामी काशी दास जी महाराज की 19 वीं पुण्यतिथि एवं स्वर सम्राट शहीद संत रामानंद महाराज जी की श्रद्धांजलि संत गुरु रविदास धाम, कस्बा कर्रापुर, जिला सागर, मप्र में 20 सितंबर 2025 को समस्त संत समागम एवं गुरु प्रेमी जनों



की बीच वर्तमान गद्दी नसीन संत स्वामी पंचम दास जी महाराज एवं समस्त सेवादार कार्यकर्ता, मध्य प्रदेश अमृतवाणी व रविदासिया धर्म प्रचारक प्रदेश धर्माचार्य श्री रामदयाल शास्त्री जी महाराज पाटन, जिला जबलपुर, अतर सिंह भारतीय, प्रदेश उपाध्यक्ष मध्य प्रदेश, मंच सहसंचालक बाबा संतोष दास जी के मार्गदर्शन में कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय विधायक माननीय प्रदीप लारिया व मकरोनिया नगरपालिका अध्यक्ष श्री मिहीलाल अहिरवार जी सहित अन्य कई राज्यों से संगत ने अमृतवाणी श्रवण कर दर्शन लाभ लेकर श्रद्धांजलि सभा कर पुण्यतिथि के कार्यक्रम में सैकड़ों गांव के गुरु प्रेमियों ने भाग लिया।

# मध्यप्रदेश के वरिष्ठ बसपा नेता डां. सी.एल. बंशकार का निधन अमर शहीद वीर मनीराम अहिरवार के परिवार द्वारा भावभीनी श्रद्धांजलि

**मूलचन्द मेधोनिया पत्रकार भोपाल**



भोपाल। बहुजन समाज पार्टी मध्यप्रदेश के वरिष्ठ नेता एवं राष्ट्रीय मूल निवासी चेतना मिशन भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सी.एल. बंशकार गुरु जी का दिनांक 20 सितम्बर 2025 को सागर अस्पताल होशंगाबाद रोड़, भोपाल में शाम 4 बजे इलाज के दौरान निधन हो गया है। उनकी कुछ दिनों से स्वस्थ्य खराब चल रहा था। बंशकार साहब एक प्रखर वक्ता, लेखक और चिंतक के रूप में जाने जाते थे। राष्ट्रीय मूल निवासी चेतना मिशन की देश में स्थापना कर देश भर के बहुजन विचारों को जोड़ कर समाज हितों में काम कर रहे थे। इनके नेतृत्व में संत कबीर साहेब की जयंती के उपलक्ष्य में दिनांक 29 जून 2025 को गांधी भवन भोपाल में सामाजिक प्रतिभा समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें देश भर के बहुजन समाज सेवा से जुड़े प्रतिभाशाली लोगों को एवं अनुसूचित जाति में जन्में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, शहीद परिवार के लोगों का सम्मान किया गया था। चेतना मिशन के इस आयोजन में मध्यप्रदेश के जिला नरसिंहपुर, चीचली में आजादी के अमर शहीद वीर मनीराम अहिरवार के परिवार का उन्होंने गोल्ड मेडल प्रदान कर शहीद परिवार का सम्मान किया था। बंशकार साहब का सपना था कि वह पूरे कौम को जागरूक कर देश की शासन सत्ता तक पहुंचाने का काम करेंगे। इस दिशा में वह रात दिन काम कर रहे थे। जैसे ही खबर फैली की बंशकार साहब का निधन हो गया है। पुरे देश के उनके मिशनरी साथियों में शोक व्यक्त कर दुख हुआ कि एक ऐसा व्यक्ति जो अपनी सारी उम्र समाज में सेवा देते रहे, तथा बहुजन समाज के सभी महापुरुषों की विचारधारा को जन जन तक फैला रहें थे। बंशकार साहब के निधन पर उनके साथी डां.एस. बी. नागदा, इंदर सिंह वर्मा, उमेश पिपरैया, मूलचन्द मेधोनिया, विजय कुमार श्रवण, के. डी. राही, बी. डी. बंशकार, दिनेश गढ़वाल, संतोष कमल, जय कुमार धानुक, नरेन्द्र कुमार बंशकार, प्रीतम बंसल, हीरालाल मास्टर, राजकुमार मास्टर सहित सभी बंशकार साहब को चाहने वाले अपने वरिष्ठ नेता के की अंतिम संस्कार यात्रा 21/09/2025 समय 02 बजे सुभाष नगर शमशान घाट पर दाहसंस्कार पहुँच कर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। उनके निवास पर अंतिम दर्शन करने हेतु सैकड़ों बहुजन क्रांतिकारी उनके दर्शन कर श्रद्धांजलि अर्पित करने जा रहे है। बंशकार साहब के निधन पर अमर शहीद वीर मनीराम अहिरवार के परिवार की ओर से श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए सतगुरु रविदास जी महाराज से अरदास है कि महान प्रतिभा के धनी बंशकार साहब को अपने श्री चरणों में स्थान प्रदान करें।

# क्षेत्रीय पत्रकार संगठन की बैठक मधुबन रेस्टोरेंट में हुई कई बिंदुओं पर हुई चर्चा

**हल्केवीर सूर्यवंशी संभागीय संवाददाता**

देवरी (रायसेन)। नगर देवरी-उदयपुरा के क्षेत्रीय पत्रकार संगठन की बैठक नगरदेवरी के पास मधुबन रेस्टोरेंट पर संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता उदयपुरा ब्लाक के अध्यक्ष गोविंद सिंह रघुवंशी एवं क्षेत्रीय पत्रकार संगठन नगर देवरी के अध्यक्ष कमर राणा ने की। बैठक में पत्रकारों ने क्षेत्रीय मुद्दों एवं संगठन की गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की। पत्रकारों ने आपसी समन्वय बनाए रखने, निष्पक्ष पत्रकारिता को मजबूत करने और संगठन को और सक्रिय बनाने के लिए कई सुझाव रखे। बैठक के उपरांत सभी सदस्यों ने सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में डिनर पार्टी का आनंद लिया। इस दौरान



पत्रकारों ने आपसी मेलजोल को और मजबूत करने का संकल्प भी लिया इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष गोविंद सिंह रघुवंशी ने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा वही संगठन, पत्रकार भवन के लिए मांग भी करेगा नगर देवरी पत्रकार संघ के




के अध्यक्ष कमर राणा ने कहा कि संगठन की बैठक का उद्देश्य क्षेत्रीय पत्र कार संगठन को मजबूत करना है सदस्यो मे समन्वय और आपसी मेलजोल को बढ़ावा देना है वही आज तक न्यूज़ के संवाददाता क्षेत्रीय पत्र का संगठन के सचिव राजेश रजक ने अंत में सभी पत्रकारों का आभार व्यक्त किया इस मौके पत्रकार अरविंद धाकड़ पत्रकार नीलेश पटेल, पत्रकार वकील पठान, पत्रकार सुमित मेहरा, पत्रकार राजेश रघुवंशी, पत्रकार शैलेंद्र लिधौरिया, पत्रकार डाल चंद्र लोधी, पत्रकार हल्केवीर सूर्यवंशी ,पत्रकार प्रशांत जोशी, पत्रकार यशपाल लोधी पत्रकार संजू बाबा एवं दबंग इंडिया के प्रदेश उप संपादक राजू राजपूत एवं अन्य पत्रकार गण इस बैठक में शामिल थे ।

# मोजर वेयर जैतहरी में कोयला और रेत का ठेका दिलाने के नाम पर करोड़ों की 1.59 करोड़ की ठगी, एक गिरफ्तार

## मरवाही में पेट्रोल पंप कारोबारी से की ठगी, फर्जी दस्तावेज बनाकर दिया धोखा

**अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ अनूपपुर**

अनूपपुर /जैतहरी। मोजर वेयर जैतहरी में रेत सप्लाई का टेंडर दिलाने के नाम पर कुट रचित दस्तावेज के आधार पर धोखाधड़ी करते हुए चार आरोपियों नरेन्द्र कुमार शर्मा उर्फ कार्तिक पिता शिव नारायण शर्मा उर्फ प्रमोद, संतोष सिंह निवासी जैतहरी, अरविंद विश्वकर्मा उर्फ चोगले, विकास सिंह वा अन?य ने अमित फ्यूल्स पेट्रोल पंप संचालक अमित कुमार गुप्ता निवासी मरवाही के वार्ड 11 से 1 करोड़ 59 लाख 60 हजार रूपयें की ठगी करने के मामले में मरवाही पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 328 (4), 338, 340(2), 336(4), 61(2)(ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए आरोपी नरेन्द्र कुमार शर्मा को गिरफ्तार कर अन्य की तलाश जारी है। इसके पूर्व भी मोजर वेयर जैतहरी में कोयला सप?लाई का काम दिलाने के नाम पर कमलेश द्विवेदी निवासी अनूपपुर के साथ 55 लाख 97 हजार 530 रूपये की धोखाधड़ी करने के मामले में कोतवाली पुलिस अनूपपुर ने 24 जुलाई 2019 को नरे?द्र कुमार शर्मा, सिद्धार्थ सिंह एवं संतोष सिंह के खिलाफ धारा 406, 420, 467, 468 एवं 471 के तहत मामला दर्ज किया गया था।







### यह है मामला

जानकारी के अनुसार नरेन्द्र सिंह एवं संतोष सिंह द्वारा मिलकर मोजर वेयर में रेत वा कोयला का टेंडर दिलाने के नाम पर पहले लोगो को अपने झांसे में फंसा कर उनके साथ करोड़ों रूपये की धोखाधड़ी की जाती है। नये मामले में उक्त दोनो आरोपी द्वारा जुलाई 2024 में नरेन्द्र शर्मा पीड़ित के पेट्रोल पंप पर नियमित आने-जाने लगा और पहचान बढ़ाई। इसके बाद उसने संतोष सिंह (गंगा पेट्रोल पंप संचालक जैतहरी) और अरविंद विश्वकर्मा उर्फ चोगले से मिलवाया। सभी आरोपियों ने अमित गुप्ता को भरोसा दिलाया कि मोजरवियर पावर प्लांट जैतहरी में रेत सप्लाई का बड़ा ठेका (कॉन्ट्रैक्ट) है, जिसे दिलाने में वे मदद करेंगे। जिसके बाद सभी आरोपियों ने फरियादी अमित कुमार गुप्ता से आधार, पैन, बैंक डिटेल्स और फोटो लेकर उनके नाम पर फर्जी पर्चेस ऑर्डर तैयार किया गया। इसके बाद रेत सप्लाई, रॉयल्टी और ट्रांसपोर्टेशन के नाम पर अलग-अलग तारीखों में पीड़ित से 1.59 करोड़ रुपये से अधिक की रकम वसूली गई।

**फर्जी चेक और नकली टीपी भी दिए:** फरियादी अमित कुमार गुप्ता के अनुसार भुगतान के दबाव पर आरोपियों ने गारंटी के रूप में करोड़ों रुपये के कई चेक दिए, लेकिन सभी चेक बाउंस हो गए। इतना ही नहीं आरोपियों ने झूठे ट्रांसपोर्ट परमिट और रॉयल्टी पर्चियां व्हाट्सएप पर भेजकर यह दिखाया कि रेत की सप्लाई शुरू हो गई है। इसी तरह से वर्ष 2019 मनरेन्द्र कुमार शर्मा एवं संतोष सिंह ने अनूपपुर निवासी कमलेश द्विवेदी के साथ परसा कोल कोल माइंस अडानी उदयपुर अंबिकापुर से एक हजार रूपये टन के हिसाब से कोयला के डीलर के रूप में चार हजार टन कोयला देना जिसमें कुल 40 लाख तथा कोयला ट्रांसपोर्ट का भाड़ा 910 रूपये प्रति टन के हिसाब से 36 लाख 40 हजार रूपये बताकर डीओं लेटर एवं कोयला उपलब्ध कराये जाने का झांसा देकर बैंक एवं नगदी के माध्यम से लगभग 56 लाख रूपये हड़पकर धोखाधड़ी की गई थी। जब लंबे समय तक भुगतान नहीं हुआ, तब अमित गुप्ता ने खुद कंपनी कार्यालय में जाकर जानकारी ली। वहाँ से पता चला कि उनके नाम से कभी भी कोई टेंडर या पर्चेस ऑर्डर जारी ही नहीं हुआ था और न ही उनके नाम से किसी भी तरह की रेत सप्लाई की गई। जिसके बाद पीड़ित ने थाना मरवाही में अपने साथ हुए धोखाधड़ी की रिर्पोट दर्ज कराई गई। जिस पर मरवाही पुलिस ने सभी आरोपियों जिनमें नरेन्द्र कुमार शर्मा पिता शिवनारायण शर्मा निवासी लालपुर छ.ग., संतोष सिंह निवासी जैतहरी, अरविंद विश्वकर्मा पिता रामकेश विश्वकर्मा एवं विकास सिंह व अन्य के खिलाफ छल, कूटरचना, धोखाधड़ी और आर्थिक अपराध के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

### रायसेन जिले की अनदेखी पर सवाल

## डॉक्टर देवेंद्र धाकड़ बोल जिले में मेडिकल कॉलेज केंद्रीय विद्यालय और रेलवे लाइन कब तक सपना रहेंगे।

**हल्केवीर सूर्यवंशी संभागीय संवाददाता**

रायसेन। जिले से एक अहम सवाल उठाया है सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. देवेंद्र धाकड़ ने। उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से सरकार से सीधा प्रश्न किया है कि आखिर इतने बड़े और ऐतिहासिक महत्व वाले जिले रायसेन में मेडिकल कॉलेज क्यों नहीं है?डॉ. धाकड़ का कहना है कि आज स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति मजबूत करने के लिए मेडिकल कॉलेज जरूरी है, लेकिन रायसेन आज भी इस सुविधा से वंचित है। इसी तरह उन्होंने सवाल किया कि रायसेन में केंद्रीय विद्यालय क्यों नहीं खोला गया, जबकि जिले के हजारों बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए भोपाल या अन्य जिलों की ओर जाना पड़ता है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी मुद्दा उठाया कि जिले के विकास के लिए रेलवे लाइन बेहद जरूरी है, लेकिन आज तक रायसेन रेलवे नेटवर्क से नहीं जुड़ सका है। उनका कहना है कि रेलवे लाइन से न केवल यातायात सुगम होगा, बल्कि रोजगार और व्यवसाय की संभावनाएं भी बढ़ेंगी। डॉ. देवेंद्र धाकड़ ने स्पष्ट कहा कि ये सवाल आम जनता की आवाज़ हैं और सरकार को इन बुनियादी जरूरतों पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए।



## सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत छात्रावास में सफाई व वृक्षारोपण ।

**हल्केवीर सूर्यवंशी संभागीय संवाददाता**



**उदयपुरा।** सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत उत्कृष्ट बालक एवं महाविद्यालय बालक छात्रावास उदयपुरा में स्वच्छता अभियान और वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। छात्रावास के अधीक्षक बैजनाथ मेव के नेतृत्व में परिसर की साफ-सफाई की गई। इस अवसर पर छात्रों ने 'एक पेड़ ङ्क एक मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण किया। अधीक्षक बैजनाथ मेव ने छात्रों को पौधों की देखभाल और पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। उन्होंने बताया कि सेवा पखवाड़ा अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा, जिसके दौरान छात्रावास में विभिन्न गतिविधियां और प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। साफ-सफाई एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम में अधीक्षक बैजनाथ इमने के साथ मथुरा प्रसाद रजक, सत्यनारायण चौकीदार, छात्र विजय, अनिल, हल्केवीर, अतुल, दीपक, मनोहर सहित बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे।

# मैं कथा वाचक बाद में पहले गुंडा हूं कई केश चल रहे है मुझ पर

**हल्केवीर सूर्यवंशी संभागीय संवाददाता**

रायसेन। ज़िले के ग्राम करगी खुर्द में ग्रामीणों ने एक लिखित शिकायत पत्र के माध्यम से आरोप लगाया है कि कथावाचक अभिषेक कृष्णा शास्त्री ने मंच से झूठी व भ्रामक बातें कहकर गाँव के लोगों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाई और अंधविश्वास फैलाने की कोशिश की। ग्रामीणों का कहना है कि दिनांक 10 सितम्बर 2025 को गाँव में आयोजित कार्यक्रम के दौरान शास्त्री ने मंच से कई भ्रामक और अपमानजनक बयान दिए। ग्रामीण गणेश राजपूत पुत्र रामसेवक सिंह राजपूत ने अपने आवेदन में बताया कि शास्त्री ने गलत जानकारी देकर उनके परिवार व गाँव के लोगों को अपमानित किया और माहौल बिगाड़ने की कोशिश की। गणेश राजपूत ने अपनी शादी के बारे में पूछा था। जिसके जवाब में कथावाचक ने कहा था तुम्हारी शादी 2026 में होगी जबकि गणेश राजपूत की शादी पहले की हो चुकी थी। फिर क्या महाराज जी क्रोधित हो गए और युवक को मारने की धमकी देने लगे। आवेदन में आरोप लगाया गया कि शास्त्री मंच पर झूठ बोलते रहे, जिससे वहाँ मौजूद ग्रामीण आक्रोशित हो गए। शिकायत में यह भी कहा गया है कि शास्त्री के गुर्गों द्वारा धमकाने और दबाव बनाने की भी कोशिश की गई। ग्रामीणों ने प्रशासन से माँग की है कि इस मामले की जाँच कर उचित कार्रवाई की जाए ताकि गाँव का माहौल शांतिपूर्ण बना रहे और भविष्य में ऐसी घटनाएँ न हों।



# उदयपुरा में स्वदेशी जागरण सप्ताह एवं मुख्यमंत्री नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम का शुभारंभ

**उदयपुरा।** रायसेन ज़िले के उदयपुरा विकासखंड में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती के अवसर पर मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद उदयपुरा द्वारा स्वदेशी जागरण सप्ताह का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम जनपद पंचायत सभागृह में आयोजित हुआ। इसी अवसर पर मुख्यमंत्री नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम अंतर्गत ड्ढ्ढ2 और स्ल्ड्ड कोर्स का भी शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ब्रज गोपाल लोया ने कहा कि भारत अब आर्थिक महाशक्ति बनने की दिशा में अग्रसर है। हमें स्वदेशी के मूल मंत्र को अपनाकर स्वदेशी वस्तुओं का अधिकाधिक उपयोग करना चाहिए। उन्होंने त्स्ञ्ञ की घटी दरों और सरकार की आर्थिक




नीतियों पर भी प्रकाश डाला। आत्मनिर्भर भारत अभियान की प्रभारी केशव सिंह पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि लोकल फॉर वोकल के मंत्र को अपनाकर हमें स्थानीय स्तर पर निर्मित वस्तुओं को बढ़ावा देना चाहिए। यही आत्मनिर्भर भारत की सच्ची दिशा है। मंडल अध्यक्ष अभिषेक श्रीवास्तव ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के जीवन सिद्धांतों पर बोलते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य तभी सफल होगा जब विकास की किरण अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचे। यही दीनदयाल जी की विचारधारा है। कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष रामजी पटेल, महामंत्री संजय रघुवंशी, नेतराम कौरव, दीनदयाल अंत्योदय मिशन के प्रदेश उपाध्यक्ष भगवान सिंह बदकुर, भोपाल सिंह, सोमेश सोनी और शिव शक्ति फाउंडेशन की सुनीता दुबे सहित कई जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के समापन पर नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई और स्वदेशी जागरण सप्ताह के अंतर्गत नगर उदयपुरा में रैली का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्थाएं, परामर्शदाता बंधु, क्स्ड्ड एवं स्ल्ड्ड के छात्र-छात्राओं सहित लगभग 150 लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम आयोजक राम मोहन रघुवंशी, ब्लॉक समन्वय, उदयपुरा, जिला रायसेन।

## स्वच्छता अभियान की धज्जियां: देवरी नगर परिषद के वार्ड नंबर-4 में कचरे का ढेर, बीमारियों का खतरा।



**हल्केवीर सूर्यवंशी संभागीय संवाददाता**

देवरी (रायसेन)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत के सपने और सेवा पखवाड़ा स्वच्छता अभियान के बावजूद रायसेन जिले के देवरी नगर परिषद के वार्ड नंबर-4 की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। यहां कचरे का ढेर जमा हो गया है, जिससे बदबू और गंदगी के बीच लोगों का रहना मुश्किल हो रहा है। वार्ड वासियों का कहना है कि नगर परिषद की कचरा गाड़ी नियमित रूप से नहीं आती, जिसके कारण गली-मोहल्लों में गंदगी फैल गई है और संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ गया है। लोगों का आरोप है कि स्वच्छता पर ध्यान नहीं दिया जा रहा, जबकि वर्तमान में सेवा पखवाड़ा अभियान चल रहा है। स्थानीय निवासियों ने नगर परिषद देवरी से मांग की है कि कचरा संग्रहण के लिए एक निश्चित समय तय किया जाए और प्रतिदिन गाड़ी भेजी जाए ताकि लोग निर्धारित समय पर ही कचरा गाड़ी में कचरा डाल सकें और क्षेत्र स्वच्छ रह सके।

## 17 दमकलों की मदद से अनन्या पैकेजिंग औद्योगिक इकाई में लगी भीषण आग पर पाया काबू

**हल्केवीर सूर्यवंशी संभागीय संवाददाता**

रायसेन। जिले के मंडीदीप औद्योगिक क्षेत्र में स्थित अनन्या पैकेजिंग औद्योगिक इकाई में 20 सितंम्बर को शाम के समय अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई। जिसकी सूचना मिलते ही प्रशासन द्वारा त्वरित रूप से आग बुझाने के प्रयास शुरू किए गए। आग बुझाने हेतु मंडीदीप नगर पालिका, मंडीदीप की विभिन्न औद्योगिक इकाइयों में उपलब्ध दमकलों तथा भोपाल से भी बुलाई गई दमकलों सहित कुल 17 दमकलों की मदद से पांच घंटे में आग पर काबू पाया जा सका। कलेक्टर श्री अरुण कुमार विश्वकर्मा तथा पुलिस अधीक्षक श्री पंकज कुमार भी घटना स्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। अनन्या पैकेजिंग इकाई के रिबोंडेड फोम के गद्दे का निर्माण किया जाता है।

## जनसुनवाई में कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने सुनी नागरिकों की समस्याएं, अधिकारियों को त्वरित समाधान के दिए निर्देश।

**हल्केवीर सूर्यवंशी संभागीय संवाददाता**

रायसेन। कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित सभाकक्ष में प्रति मंगलवार की भांति आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर श्री अरूण कुमार विश्वकर्मा द्वारा नागरिकों की समस्याओं पर सुनवाई करते हुए उनका निराकरण किया गया। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने कुछ प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों को शीघ्र आवश्यक कार्यवाही कर समस्याओं को निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले की विभिन्न तहसीलों से आए नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई करते हुए वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संबंधित अधिकारियों को शीघ्र समाधान हेतु निर्देशित किया। जनसुनवाई में सहायक कलेक्टर श्री कुलदीप पटेल, अपर कलेक्टर श्री मनोज कुमार उपाध्याय तथा अनेक विभागों के




अधिकारी उपस्थित रहे। वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अनुभागों से एसडीएम, जनपद सीईओ, सीएमओ सहित विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी जनसुनवाई में शामिल हुए।

## प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा को मजबूती देने के उद्देश्य से "मिशन नींव" कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ



**अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ अनूपपुर**

अनूपपुर। जिले में प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा (ईसीई) को मजबूती देने के उद्देश्य से महिला एवं बाल विकास विभाग एवं रॉकेट लर्निंग फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से कलेक्ट्रेट स्थित सोन सभागार में "मिशन नींव" कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री विनोद परस्ते एवं सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती मंजूषा शर्मा ने कार्यक्रम से जुड़े पहलुओं पर मार्गदर्शन प्रदान किया। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री विनोद परस्ते ने कहा कि मिशन नींव से जिले के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा मिलेगी। मिशन नींव कार्यक्रम के अंतर्गत आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को व्हाट्सएप और ऑफलाइन प्रशिक्षण के माध्यम से शिक्षण गतिविधियां प्रदान की जाएगी, जो जिले में शाला पूर्व शिक्षा को बेहतर बनाने की दिशा में नयी पहल साबित होगी। उन्होंने कहा कि रॉकेट लर्निंग फाउंडेशन द्वारा तैयार डिजिटल व ऑफलाइन गतिविधियाँ न सिर्फ बच्चों की समझ को बढ़ाएंगी, बल्कि आँगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को भी तकनीकी शिक्षा से जोड़ेंगी। कार्यक्रम में रॉकेट लर्निंग फाउंडेशन के वरिष्ठ कार्यक्रम प्रबंधक श्री आलोक कुशवाहा, कार्यक्रम प्रबंधक श्री अनिवेश चतुर्वेदी ने जिले के सभी महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारियों और पर्यवेक्षकों को मिशन नींव की कार्यवाही पर प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम में नीति आयोग के ब्लॉक फेलो श्री राजश्वनी शर्मा, रॉकेट लर्निंग फाउंडेशन के जिला समन्वयक श्री किशन कुमार जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुज़ूर जिला भोपाल से प्रकाशित। **संपादक :-** नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)